www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## UGC NET Paper 3 December 30, 2012 Shift 1 History Question Paper

# PAPER-III
# HISTORY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

**D 0 6 1 2**

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

Time : 2 $^1/_2$ hours]  [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24**  Number of Questions in this Booklet : **75**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# HISTORY
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which one of the following is a Neolithic site in Vindhyan region ?
(A) Mahagara
(B) Chirand
(C) Bangarh
(D) Khunti

**2.** Harappan sites have provided unique plan of settlement comprising of Citadel, Middle Town and Lower Town.
(i) Kunal
(ii) Lothal
(iii) Rangpur
(iv) Dholavira

Select the correct answer by using the codes given below :

**Codes :**
(A) (i) and (ii)
(B) (iii) and (iv)
(C) (i), (ii) and (iii)
(D) (iv) only

**3.** River Saraswati is known by which of the following names in Pakistan ?
(i) Nara (ii) Raini
(iii) Hakra (iv) Wahinda

Select your answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) (i) and (iii)
(B) (i) and (ii)
(C) (i), (ii) and (iii)
(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**4.** The Battle of Ten Kings was fought on the bank of which one of the following rivers ?
(A) Saraswati (B) Sindhu
(C) Parushni (D) Beas

**5.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** India had good contacts with Rome.

**Reason (R) :** The rouletted ware had been found at Brahmagiri, Sisupalgarh, Tamluk, Amaravati.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) (A) and (R) are true and (R) is the full explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**6.** The story of the migration of Videgha Mathava to the east accompanied by his priest Gotama Rahugana is mentioned in which of the following ?
(A) Gopatha Brahmana
(B) Brihadaranyaka Upanishad
(C) Satapatha Brahmana
(D) Aitareya Brahmana

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## इतिहास
## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से विन्ध्य क्षेत्र में स्थित नवपाषाण युगीन स्थल कौन सा है ?

(A) महगरा (B) चिरांद
(C) बानगढ़ (D) खुन्ती

**2.** हड़प्पीय स्थलों से नगर योजना के अन्तर्गत गढ़ी, नगर का मध्य भाग एवं बाहरी भाग प्राप्त हुए हैं :

(i) कुनाल (ii) लोथल
(iii) रंगपुर (iv) धोलावीरा

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट :**

(A) (i) और (ii) (B) (iii) और (iv)
(C) (i), (ii) और (iii) (D) केवल (iv)

**3.** पाकिस्तान में सरस्वती नदी निम्नांकित किस नाम से जानी जाती है ?

(i) नाड़ा (ii) रैनी
(iii) हकड़ा (iv) वहिन्दा

निम्नांकित कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(A) (i) और (iii)
(B) (i) और (ii)
(C) (i), (ii) और (iii)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**4.** दस राजाओं का युद्ध निम्नलिखित किस नदी के तट पर लड़ा गया था ?

(A) सरस्वती (B) सिन्धु
(C) परुष्णी (D) ब्यास

**5.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है ।

**कथन** (A) : भारत का रोम से अच्छा संपर्क था ।

**कारण** (R) : रुलेटेड मृद्भाण्ड ब्रह्मगिरी, शिशुपालगढ़, तामलुक, अमरावती में प्राप्त हुए हैं।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िये और नीचे दिये गये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की पूर्ण व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**6.** विदेघ माथव का अपने पुरोहित गोतम राहूगण के साथ पूर्व दिशा की ओर जाने का कथानक निम्नांकित किसमें उल्लिखित है ?

(A) गोपथ ब्राह्मण
(B) बृहदारण्यक उपनिषद्
(C) शतपथ ब्राह्मण
(D) ऐतरेय ब्राह्मण

**7.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I Buddhist Councils | | List – II Places where held | |
|---|---|---|---|
| a. | First | i. | Pataliputra |
| b. | Second | ii. | Vaishali |
| c. | Third | iii. | Kashmir |
| d. | Fourth | iv. | Rajagriha |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**8.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | | List – II | |
|---|---|---|---|
| a. | Sakyas | i. | Vaishali |
| b. | Koliyas | ii. | Pipphalivana |
| c. | Moriyas | iii. | Ramagrama |
| d. | Lichchhavis | iv. | Kapilavastu |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**9.** Arrange the following Pali canonical texts into chronological order and select the correct answer from the codes given below :

(i) Samyukta Nikaya
(ii) Chullavagga
(iii) Sutta Nipata
(iv) Buddhavamsa

**Codes :**

(A) (i), (iv), (iii), (ii)
(B) (ii), (iii), (iv), (i)
(C) (i), (ii), (iii), (iv)
(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**10.** The following were the leaders of the Ajivika Sect :

(i) Makkhali Gosala
(ii) Nanda Vachchha
(iii) Kisa Samkichchha
(iv) Bhadda

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii)
(B) (iii) and (iv)
(C) (i), (ii) and (iii)
(D) (iv) only

**11.** The stone portrait of Ashoka with his name inscribed on it has been found from the stupa remains of which one of the following sites ?

(A) Sanchi
(B) Amaravati
(C) Deur-Kuthar
(D) Kanaganahalli

**12.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Inscriptions in Kharosthi have been found from Bengal.

**Reason (R) :** Kharosthi was widely in use in Bengal.

Read the above statements and select the correct answer from the codes below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**7.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I**<br>**बौद्ध संगीति** | **सूची – II**<br>**स्थान जहाँ सम्पन्न हुए** |
|---|---|
| a. प्रथम | i. पाटलिपुत्र |
| b. द्वितीय | ii. वैशाली |
| c. तृतीय | iii. काश्मीर |
| d. चौथी | iv. राजगृह |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**8.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. शाक्य | i. वैशाली |
| b. कोलिय | ii. पिप्पलीवन |
| c. मोरीय | iii. रामग्राम |
| d. लिच्छवी | iv. कपिलवस्तु |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**9.** निम्नलिखित पाली धार्मिक ग्रंथों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

(i) संयुक्त निकाय (ii) चुल्लवग्ग
(iii) सुत्तनिपात (iv) बुद्धवंश

**कूट** :
(A) (i), (iv), (iii), (ii)
(B) (ii), (iii), (iv), (i)
(C) (i), (ii), (iii), (iv)
(D) (iv), (i), (iii), (ii)

**10.** निम्नांकित आजीविक सम्प्रदाय के नेता थे :

(i) मक्खलि गोसाल
(ii) नन्द वच्छ
(iii) किस संकिच्छ
(iv) भद्द

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट से कीजिए :

**कूट** :
(A) (i) और (ii) (B) (iii) और (iv)
(C) (i), (ii) और (iii) (D) केवल (iv)

**11.** निम्नांकित किस स्थल पर स्थित स्तूप अवशेषों से अशोक की प्रस्तर पर उद्भृत प्रतिमा प्राप्त हुई है जिस पर उनका नाम उत्कीर्ण है ?

(A) साँची (B) अमरावती
(C) देहर-कुठार (D) कनगनहल्ली

**12.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन** (A) : बंगाल से खरोष्ठी के अभिलेख मिले हैं।

**कारण** (R) : खरोष्ठी बंगाल में बहुप्रचलित थी ।

उपरोक्त वक्तव्यों को पढ़िये तथा नीचे दिये गये कूट का सही उत्तर चुनिये :

**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** Dasaratha Jataka is found sculptured in stupa remains of the following South Indian sites :

(i) Amaravati

(ii) Nagarjunakonda

(iii) Phanigiri

(iv) Gummididurru

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (iii)

(B) (iii) and (ii)

(C) (ii) only

(D) (iv) only

**14.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** As per the Mitakshara School, father could divide his property among his sons during his life time.

**Reason (R) :** The Mitakshara has recognised son's right of ownership by birth in ancestral property.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ? Give your answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Chandragupta | i. Tushaspha |
| b. Skandagupta | ii. Suviśakha |
| c. Rudradaman | iii. Parnadatta |
| d. Ashoka | iv. Pusyagupta |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**16.** Coins of Bhagilaya have been found from the following :

(i) Nasik

(ii) Kousambi

(iii) Narmada Valley

(iv) Godavari-Krishna Valley

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii) (B) (iii) and (iv)

(C) (iii) only (D) (iv) only

**17.** Shell Inscriptions have been discovered from the remains of Stupas at the following sites :

(i) Bharhut

(ii) Amaravati

(iii) Deur-Kuthar

(iv) Sanchi

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (ii) and (iii) (B) (i) and (iv)

(C) (i) and (iii) (D) (ii) and (iv)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** दक्षिण भारत स्थित निम्नांकित स्तूप अवशेषों में दशरथ जातक का शिल्पांकन मिला है ।

(i) अमरावती (ii) नागार्जुनकोण्डा

(iii) फनिगिरी (iv) गुम्मिडीडुरु

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट** :

(A) (i) और (iii)

(B) (iii) और (ii)

(C) केवल (ii)

(D) केवल (iv)

**14.** नीचे दो वाक्य दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**कथन (A)** : मिताक्षरा मतानुसार पिता अपने जीवन-काल में अपनी सम्पत्ति अपने पुत्रों में विभाजित कर सकता है ।

**कारण (R)** : मिताक्षरा ने पुत्र को पैतृक सम्पत्ति का आनुवंशिक उत्तराधिकारी स्वीकार किया है ।

उपरोक्त कथनों के संदर्भ में निम्नांकित कौन सा सही है ? अपना उत्तर नीचे दिये गये कूट में से दीजिये :

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**15.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची** - I | **सूची** - II |
|---|---|
| a. चन्द्रगुप्त | i. तुशाष्फ |
| b. स्कन्दगुप्त | ii. सुविशाख |
| c. रुद्रदामन | iii. पर्णदत्त |
| d. अशोक | iv. पुष्यगुप्त |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**16.** भागिलाय के सिक्के निम्नांकित से मिले हैं :

(i) नासिक

(ii) कौशाम्बी

(iii) नर्मदा-घाटी

(iv) गोदावरी-कृष्णा घाटी

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट** :

(A) (i) और (ii) (B) (iii) और (iv)

(C) केवल (iii) (D) केवल (iv)

**17.** शंख-लिपि के लेख निम्नांकित स्थलों के स्तूप अवशेषों से प्राप्त हुए हैं :

(i) भरहुत

(ii) अमरावती

(iii) देउर-कुठार

(iv) साँची

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट** :

(A) (ii) और (iii) (B) (i) और (iv)

(C) (i) और (iii) (D) (ii) और (iv)

**18.** Fragments of Devi-Chandragupta, a lost drama written by Vishakhadatta is preserved in the following :

(i) Katha-Saritsagara
(ii) Shringara-Prakasha
(iii) Viddhashalabhanjika
(iv) Harshacharita

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (iii) (B) (ii) and (iv)
(C) (ii) only (D) (iii) and (iv)

**19.** Carving of Naga-Shakha on door-jambs is a characteristic feature of the following regional styles of temple architecture :

(i) Chandella (ii) Pratihara
(iii) Solanki (iv) Paramara

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (iii) (B) (ii) only
(C) (i) and (iv) (D) (iii) and (iv)

**20.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Narasimhavarman I | i. Rock-cut caves at Mamallapuram |
| b. Shembiyan Mahadevi | ii. Agasteshvara temple at Anangapur |
| c. Lokamahadevi | iii. Virupaksha temple at Pattadakal |
| d. Kulottunga – I | iv. Shiva temple at Chidambaram |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**21.** Some Jaina Mahavidyas are sculptured with a snake mount :

(i) Kali (ii) Gauri
(iii) Vairotya (iv) Mahakali

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (iii) (B) (ii) and (iv)
(C) (iv) and (iii) (D) (iii) only

**22.** Which of the following Navagrahas is sculptured as the rio-anthropomorphic snake deity ?

(A) Shani (B) Rahu
(C) Ketu (D) Mangal

**23.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** Balban's Theory of Kingship was based on the policy of 'Blood and Iron'.

**Reason (R) :** The prestige of the crown was undermined under the successors of Iltutmish.

Answer the question from the codes given below :

**Codes :**

(A) (A) is correct and (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are correct. (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is incorrect and (R) is correct. (R) is not the correct explanation of (A).
(D) (A) is correct and (R) is incorrect. (R) is the correct explanation of (A).

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18.** विशाखदत्त लिखित विलुप्त नाटक देवी-चन्द्रगुप्त के अंश निम्नांकित ग्रंथों में उपलब्ध है :

(i) कथासरित्सागर (ii) शृंगार-प्रकाश

(iii) विद्धशालभंजिका (iv) हर्षचरित

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट** :

(A) (i) और (iii) (B) (ii) और (iv)

(C) केवल (ii) (D) (iii) और (iv)

**19.** मंदिर स्थापत्य की निम्नांकित क्षेत्रीय शैलियों में द्वार-स्तंभों पर नाग-शाखा उत्कीर्ण करना विशेषता है :

(i) चन्देल (ii) प्रतिहार

(iii) सोलंकी (iv) परमार

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट** :

(A) (i) और (iii) (B) केवल (ii)

(C) (i) और (iv) (D) (iii) और (iv)

**20.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| a. नरसिंहवर्मन - I | i. मामल्लपुरम स्थित शैलकृत्त गुफायें |
| b. शेंबियन महादेवी | ii. अनंगपुर स्थित अगस्तेश्वर मंदिर |
| c. लोकमहादेवी | iii. पट्टडकल स्थित विरूपाक्ष मंदिर |
| d. कुलोत्तुंग - I | iv. चिदंबरम स्थित शिव मंदिर |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**21.** कुछ जैन महाविद्याओं को सर्प-वाहन सहित शिल्पांकित किया जाता है :

(i) काली

(ii) गौरी

(iii) वैरोट्या

(iv) महाकाली

अपने सही उत्तर का चयन निम्नांकित कूट के आधार पर कीजिये :

**कूट** :

(A) (i) और (iii) (B) (ii) और (iv)

(C) (iv) और (iii) (D) केवल (iii)

**22.** निम्नांकित किस नवग्रह को पशु-मानव-सर्प रूप में शिल्पांकित किया जाता है ?

(A) शनि (B) राहू

(C) केतु (D) मंगल

**23.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**अभिकथन** (A) : बलबन के राजत्व का सिद्धांत "रक्त और लौह" की नीति पर आधारित था ।

**तर्क** (R) : ताज की प्रतिष्ठा इल्तुतमिश के उत्तराधिकारियों के अधीन घटी थी ?

निम्नलिखित कूटों से इस प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**कूट** :

(A) (A) सही है और (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) गलत है, (R) सही है, (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (A) सही है और (R) गलत है, (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**24.** Who amongst the following legalised corruption in the land revenue department ?
(A) Firozshah Tughlaq
(B) Sher Shah
(C) Malik Ambar
(D) None of the above

**25.** Who amongst the following by using 'Psycho-History' had proved that Muhammad-bin-Tughlaq was not 'mad' as commented for the first time by Elphinston ?
(A) Agha Mahdi Hussain
(B) R.C. Jauhari
(C) Ishwari Prasad
(D) Shafat Ahmad Khan

**26.** Abwab refers to
(A) Land revenue claimed by the Muslim authorities.
(B) A system of revenue farming.
(C) A revenue paying State.
(D) Extra legal charges exacted by nobles.

**27.** What is the correct chronological sequence of the following Sufi Saints ?
(i) Khwaja Ali Hujjwiri
(ii) Shaikh Badruddin Samarkhandi
(iii) Shah Nayamatullah Qadiri
(iv) Khwaja Baqi Billah
Select the correct answer from the codes given below :
**Codes :**
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (i), (iv), (iii)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iv), (i), (ii), (iii)

**28.** Consider the names of the following cities of Delhi :
(i) Jahanpanah
(ii) Siri
(iii) Tughluqabad
(iv) Khizarabad
Which among the following sequences represent the correct chronological order of foundation ?
(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (iii), (iv), (ii), (i)
(C) (iii), (ii), (iv), (i)
(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**29.** What is not to be considered as the nature of the Pre-Mughal Persian Historiography ?
(A) Spiritual
(B) Didactic
(C) Impressionistic
(D) Provincial

**30.** Cannon and muskets in warfare in India were introduced by
(A) Balban
(B) Alauddin Khalji
(C) Babur
(D) Akbar

**31.** Find out the correct sequence of the rate of land revenue under Alauddin Khilji, Firoz Tughlaq, Akbar and Aurangzeb :
(A) $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}$
(B) $\frac{1}{3}, \frac{1}{4}, \frac{1}{4}, \frac{1}{2}$
(C) $\frac{1}{4}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}, \frac{1}{2}$
(D) $\frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}$

**24.** निम्नलिखित में से किसने भू-राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार को वैध कर दिया ?

(A) फिरोज़ तुगलक
(B) शेरशाह
(C) मलिक अम्बर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** निम्नलिखित में से किसने 'मनोवैज्ञानिक इतिहास' का उपयोग करते हुए यह सिद्ध किया था कि मुहम्मद बिन-तुग़लक 'पागल' नहीं था, जैसा कि पहली बार एल्फिस्टन ने कहा था ?

(A) आगा मेहदी हुसैन
(B) आर.सी. जौहरी
(C) ईश्वरी प्रसाद
(D) शफात अहमद खान

**26.** अबवाब से तात्पर्य है

(A) मुस्लिम प्राधिकारियों द्वारा दावाकृत भू-राजस्व
(B) राजस्व को ठेके पर देने की प्रणाली
(C) राजस्व अदा करने वाला राज्य
(D) सामंतों द्वारा लिए जाने वाले अतिरिक्त कानूनी प्रभार

**27.** निम्नलिखित सूफी संतों का सही कालक्रम क्या है ?

(i) ख्वाजा अली हुज्जबिरि
(ii) शेख बद्रुद्दीन समरकंदी
(iii) शाह नयामतुल्लाह कादिरी
(iv) ख्वाजा बक़ी बिल्लाह

निम्नलिखित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट** :

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (i), (iv), (iii)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iv), (i), (ii), (iii)

**28.** दिल्ली के निम्नलिखित नगरों के नामों पर विचार कीजिए :

(i) जहाँपनाह (ii) सीरी
(iii) तुगलकाबाद (iv) खिज़राबाद

निम्नलिखित क्रम में से कौन सा क्रम उनकी स्थापना के सही कालक्रम को दर्शाता है ?

(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (iii), (iv), (ii), (i)
(C) (iii), (ii), (iv), (i)
(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**29.** निम्नलिखित में से किसे मुगल-पूर्व फारसी इतिहास-लेखन की प्रकृति नहीं समझा जाता है ?

(A) आध्यात्मिक (B) उपदेशात्मक
(C) प्रभाववादी (D) प्रान्तीय

**30.** भारत में युद्ध में तोप और बंदूक का प्रयोग प्रथमतया किया था

(A) बलबन ने
(B) अलाउद्दीन खिलजी ने
(C) बाबर ने
(D) अकबर ने

**31.** अलाउद्दीन खिलजी, फिरोज तुगलक, अकबर और औरंगजेब के शासनकाल में भू-राजस्व की दर को सही क्रम में चुनिए ।

(A) $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}$
(B) $\frac{1}{3}, \frac{1}{4}, \frac{1}{4}, \frac{1}{2}$
(C) $\frac{1}{4}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}, \frac{1}{2}$
(D) $\frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{1}{3}, \frac{1}{2}$

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Zabt | i. | Mughal system of land measurement |
| b. | Deshmukh | ii. | Hereditary land right |
| c. | Vatan | iii. | Revenue officer |
| d. | Ijaradari | iv. | Revenue farming system |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**33.** Which one of the following historical works of Amir Khusrau is in prose ?

(A) Qiranussadain

(B) Nuh Sipihr

(C) Ashiqa

(D) Khazain-ul-Futuh

**34.** Babur assumed the title of "Ghazi" after the

(A) Battle of Panipat

(B) Battle of Khanwah

(C) Battle of Ghagra

(D) None of the above

**35.** Who amongst the following commented for the first time that Kabir tried to undermine the common people's pessimism in his Bhakti ?

(A) Savitri Chandra

(B) Yusuf Hussain

(C) J.N. Farquihar

(D) Romilla Thapar

**36.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** There is no reliable chronology of events concerning the reign of Humayun, including his own movements.

**Reason (R) :** The proper study of the chronology of events indicate that the so-called periods of Humayun's inactivity were much briefer than have been visualized.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) (A) is correct, but (R) is false.

(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are false.

**37.** Why was the 'Double Dome' used in the Indo-Islamic architecture ?

(A) To strengthen the buildings.

(B) To give cooling effect inside the building.

(C) To provide height to the buildings.

(D) For the purpose of beauty.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ज़ब्त | i. भूमि के माप की मुगल प्रणाली |
| b. देशमुख | ii. आनुवंशिक भूमि अधिकार |
| c. वतन | iii. राजस्व अधिकारी |
| d. इज़ारदारी | iv. राजस्व ठेके की प्रणाली |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**33.** अमीर खुसरो के निम्नलिखित ऐतिहासिक कार्यों में से कौन सा कार्य गद्य में है ?

(A) क़िरानुस्सादैन

(B) नूह सिपिहर

(C) आशिका

(D) खज़ाइन-उल-फुतुह

**34.** बाबर ने 'गाजी' की उपाधि धारण की थी

(A) पानीपत की लड़ाई के बाद

(B) खानवा की लड़ाई के बाद

(C) घाघरा की लड़ाई के बाद

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** निम्नलिखित में से किसने पहली बार टिप्पणी की थी कि कबीर ने अपनी भक्ति में आम लोगों में व्याप्त निराशावाद को कम करने का प्रयास किया है ?

(A) सावित्री चंद्रा (B) युसूफ हुसैन

(C) जे.एन. फरक़ुहर (D) रोमिला थापर

**36.** नीचे दो कथन दिए गए हैं उनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है ।

**अभिकथन** (A) : हुमायूँ के साम्राज्य जिसमें उसके अपने कार्य भी शामिल हैं, से संबंधित घटनाओं का विश्वसनीय कालक्रम नहीं है ।

**तर्क** (R) : घटना-क्रम के उचित अध्ययन से पता चलता है कि हुमायूँ की अकर्मण्यता की तथाकथित अवधि उस अवधि से बहुत कम है, जो बताई गई है ।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**37.** भारतीय-इस्लामिक वास्तुकला में "दोहरे गुम्बद" का प्रयोग क्यों किया जाता था ?

(A) भवन की मजबूती के लिए ।

(B) भवन के अंदर ठंडक बनाए रखने के लिए ।

(C) भवन की ऊँचाई बनाए रखने के लिए ।

(D) सौंदर्य बनाए रखने के लिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** What is the main contribution of 'Tasawwuf' in India ?

(A) Service to Islam

(B) Service to humanity

(C) Influencing the Medieval Bhakti Movement

(D) Propagate the theory of 'Wahadat-ul-Wajud'.

**39.** What was 'Shahrukhi' coin in circulation during the Muslim period ?

(A) A gold coin

(B) A silver coin

(C) A copper coin

(D) None of the above

**40.** Which one of the following is not the characteristic of Mughal painting ?

(A) Inclusion of spiritual and mystic elements.

(B) Basically for the propagation of Islam.

(C) Portrait and miniature.

(D) Courtly and aristocratic

**41.** Find out the statement from below which is not correct ?

(A) The Maratha polity under Peshwas got transformed into a close confederacy.

(B) The Peshwa created a new class of Sardars in the Swaraj area.

(C) The office of Peshwa became hereditary.

(D) Originally the Peshwa did not belong to the royal council.

**42.** In the context of the cultural and Ideological framework of the Mughal State which one of the following statements is not correct ?

(A) Throughout the Mughal period there had been a constant process of reconciliation and adjustment between the central power and the regional elite.

(B) Because of decentralization during the $18^{th}$ century a group of 'upstarts' came up to monopolize the resources of the empire.

(C) The Mughal process of centralisation left no space for existence of rival principles of organisation.

(D) Possibilities for diffusion of power had always been there in Mughal India.

**43.** Which one of the following statements regarding Abul Fazl's Akbarnāma is not true ?

(A) He usually does not refer to his sources.

(B) He makes some crude observations.

(C) He does not make generalizations.

(D) He is never secular.

**44.** What was the title of the British Museum Baburnāma manuscript translated into English by Mrs. A.S. Beveridge ?

(A) Baburnāma

(B) Waqyāt-i-Baburi

(C) Tuzuk-i-Baburi

(D) None of the above

**38.** भारत में 'तसव्वुफ' का मुख्य योगदान क्या है ?

(A) इस्लाम की सेवा ।

(B) मानवता की सेवा ।

(C) मध्यकालीन भक्ति आंदोलन को प्रभावित करना ।

(D) 'वहादत-उल-वजूद' के सिद्धांत का प्रचार

**39.** मुस्लिम काल में प्रचलित 'शाहरूखी सिक्का' क्या था ?

(A) सोने के सिक्के

(B) चाँदी के सिक्के

(C) तांबे के सिक्के

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**40.** निम्नलिखित में से कौन सी मुगल पेंटिंग की विशेषता नहीं है ?

(A) आध्यात्मिक और रहस्यवादी तत्त्वों का संयोजन

(B) मूलत: इस्लाम के प्रचार के लिए

(C) रूपचित्र और लघुचित्र

(D) दरबारी और अभिजात-वर्ग

**41.** निम्नलिखित में से ऐसे कथन को चिह्नित करें जो सही नहीं है :

(A) पेशवाओं के काल में मराठा राजत्व एक मजबूत परिसंघ में बदल गई ।

(B) पेशवा ने स्वराज क्षेत्र में सरदारों का नया वर्ग तैयार किया है ।

(C) पेशवा का पद आनुवंशिक बन गया ।

(D) पेशवा मूलत: शाही परिषद के नहीं थे ।

**42.** मुगल राज्य की सांस्कृतिक और विचारधारात्मक ढाँचे के प्रसंग में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) पूरे मुगल काल में केंद्रीय शक्ति और क्षेत्रीय विशिष्ट वर्ग के बीच सुलह और समायोजन की सतत प्रक्रिया रही है ।

(B) 18वीं शताब्दी के दौरान विकेंद्रीकरण के कारण साम्राज्य के संसाधनों पर एकाधिकार करने के लिए 'नव अभिजात्य' वर्ग का अभ्युदय हुआ है ।

(C) मुगलों की केंद्रीयकरण की प्रक्रिया से संगठन के प्रतिद्वंद्वी सिद्धांतों के अस्तित्व के लिए कोई स्थान नहीं रह गया था ।

(D) मुगलकालीन भारत में शक्ति के विसरण की संभावना हमेशा रही है ।

**43.** अबुल फज़ल के अकबरनामा के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) उसने सामान्यत: अपने स्रोत का उल्लेख नहीं किया है ।

(B) उसने कुछ अपरिपक्व टिप्पणियाँ की हैं।

(C) उसने सामान्यीकरण नहीं किया है ।

(D) वह कभी भी पंथनिरपेक्ष नहीं रहा है ।

**44.** सुश्री ए.एस. बेवरिज द्वारा अंग्रेजी में अनूदित ब्रिटिश संग्रहालय के बाबरनामा का शीर्षक क्या था ?

(A) बाबरनामा

(B) वाक़यात-ए-बाबरी

(C) तुज़ुक-ए-बाबरी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** The 'Black Hole' event was sensationalized by whom ?

(A) Robert Clive

(B) Verelest

(C) Holwell

(D) Watson

**46.** The confederates against Tippu Sultan in the Third Mysore War included

(A) Travancore Raja, Nizam of Hyderabad and the English

(B) The English, Marathas and the Nawab of Carnatic

(C) The English, Marathas and the Nizam of Hyderabad

(D) The English, Nawab of Carnatic and the Nizam of Hyderabad

**47.** Which Princely State was not annexed under the Doctrine of Lapse in spite of not having natural heir ?

(A) Satara (B) Karauli

(C) Pudukottai (D) Baroda

**48.** Legislative powers were restored back to the provinces in the Act of

(A) 1833 (B) 1853

(C) 1861 (D) 1892

**49.** The policy announcement regarding the 'progressive realization of responsible Government in India as an integral part of the British Empire' was made by

(A) Lord Morley

(B) Lord Montague

(C) Lord Ripon

(D) Lord Irwin

**50.** Paramountcy is paramount' was declared to define the relations of Indian States with British Government by which Commission ?

(A) Hunter Commission

(B) Strachey Commission

(C) Butler Commission

(D) Campbell Commission

**51.** The Governor General who visited Allahabad to review the working of Mahalwari Land Revenue System was

(A) Lord William Bentinck

(B) Lord Auckland

(C) Lord Dalhousie

(D) Lord Canning

**52.** The land revenue demand under the Ryotwari in Madras was finally fixed to fifty percent of the rental and the settlement was made for thirty years in the year

(A) 1820 (B) 1855

(C) 1864 (D) 1878

**53.** Policy of tariff holiday was practised by the British during

(A) 1858 to 1870

(B) 1870 to 1880

(C) 1882 to 1894

(D) 1898 to 1905

**54.** The worrisome aspect of the drain of wealth in the late nineteenth century according to Dadabhai Naoroji was

(A) transfer of India's accumulated gold

(B) unrequited exports

(C) depletion of urban wealth

(D) British investments in India

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

45. काल कोठरी ('ब्लैक होल') घटना को किसने सनसनीखेज बना दिया था ?
(A) रॉबर्ट क्लाइव (B) वेरेलेस्ट
(C) हॉलवेल (D) वाटसन

46. तीसरे मैसूर युद्ध में टीपू सुल्तान के खिलाफ गठित परिसंघ में निम्नलिखित में से कौन शामिल था ?
(A) ट्रावनकोर का राजा, हैदराबाद का निज़ाम और अंग्रेज
(B) अंग्रेज, मराठा और कर्नाटक के नवाब
(C) अंग्रेज, मराठा और हैदराबाद का निज़ाम
(D) अंग्रेज, कर्नाटक का नवाब और हैदराबाद का निज़ाम

47. स्वाभाविक वारिस के ना होने पर भी डॉक्ट्राइन ऑफ लेप्स (Doctrine of Lapse) के अधीन किस रियासती राज्य का विलय नहीं किया गया ?
(A) सतारा (B) करौली
(C) पुडुकोट्टाई (D) बड़ौदा

48. किस अधिनियम के अधीन प्रान्तों को विधान शक्ति पुन: प्रदान की गई ?
(A) 1833 (B) 1853
(C) 1861 (D) 1892

49. "ब्रिटिश साम्राज्य का अभिन्न अंग रहते हुए उत्तरदायी शासन की उत्तरोत्तर प्राप्ति" के सम्बन्ध में नीतिगत घोषणा किसने की ?
(A) लॉर्ड मोर्ले
(B) लॉर्ड मोन्टेग्यू
(C) लॉर्ड रिपन
(D) लॉर्ड इर्विन

50. ब्रिटिश शासन एवं भारतीय रियासती राज्यों के मध्य सम्बन्धों की परिभाषा "सर्वोच्चता ही सर्वोच्च है", करने वाला कमीशन कौन सा था ?
(A) हन्टर कमीशन
(B) स्ट्रैची कमीशन
(C) बटलर कमीशन
(D) कैम्पबेल कमीशन

51. महलवाड़ी भू-राजस्व व्यवस्था की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए कौन गवर्नर जनरल इलाहाबाद आया था ?
(A) लॉर्ड विलियम बेंटिंक
(B) लॉर्ड ऑकलैंड
(C) लॉर्ड डलहौजी
(D) लॉर्ड कैनिंग

52. मद्रास में रैयतवाड़ी व्यवस्था के अन्तर्गत भू-राजस्व दर अन्तत: शुद्ध उपज का पचास प्रतिशत निर्धारित करना एवं बन्दोबस्त तीस वर्ष के लिए निर्धारित किस वर्ष किया गया ?
(A) 1820 (B) 1855
(C) 1864 (D) 1878

53. ब्रिटिश सरकार द्वारा सीमाशुल्क अवकाश की नीति किस दौरान अपनाई गई ?
(A) 1858 से 1870 (B) 1870 से 1880
(C) 1882 से 1894 (D) 1898 से 1905

54. दादाभाई नौरोजी के अनुसार उन्नीसवीं शताब्दी उत्तरार्ध में धन-निष्क्रमण का सबसे अधिक चिंताजनक पक्ष था
(A) भारत से संचित सोने का स्थानान्तरण
(B) अप्रदत्त नियति
(C) शहरी सम्पत्ति का क्षय
(D) भारत में ब्रिटिश निवेश

**55.** The Scheme of Local Finance was introduced by

(A) Lord Canning

(B) Lord Mayo

(C) Lord Lytton

(D) Lord Ripon

**56.** First factory legislation was passed to improve the working conditions of the labour in

(A) 1880

(B) 1881

(C) 1884

(D) 1893

**57.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. B.P. Wadia | i. Trade Union Leader |
| b. Sri Narayana Guru | ii. Peasant Leader |
| c. S.N. Haldar | iii. Jamshedpur Labour Leader |
| d. Kunvarji Mehta | iv. South Indian Lower Caste Leader |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | i | iv | iii | ii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**58.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Bihar Provincial Kisan Sabha | i. Vijay Singh Pathik |
| b. Ryat's Association in Guntur | ii. Sahajanand Saraswati |
| c. Pratapgarh and Rae Bareli Peasant Leader | iii. N.G. Ranga |
| d. Rajasthan Peasant Leader | iv. Baba Ram Chandra |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**59.** Which Gandhian movement has been called a 'Spontaneous Revolution' ?

(A) Champaran movement

(B) Non-cooperation movement

(C) Civil Disobedience movement

(D) Quit India movement

**60.** The inspirational leader behind the founding of the All India Women's Conference was

(A) Durga Bai Deshmukh

(B) Margaret Cousins

(C) Madam Cama

(D) Mutthulaxmi Reddy

55. स्थानीय वित्त योजना किसने लागू की ?

(A) लॉर्ड कैनिंग

(B) लॉर्ड मेयो

(C) लॉर्ड लिटन

(D) लॉर्ड रिपन

56. मजदूरों की कार्यचालन स्थितियों को सुधारने के लिए प्रथम फैक्ट्री अधिनियम कब पारित किया गया ?

(A) 1880

(B) 1881

(C) 1884

(D) 1893

57. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर चुनिये :

| **सूची-I** | **सूची- II** |
|---|---|
| a. बी.पी. वाडिया | i. ट्रेड यूनियन नेता |
| b. श्री नारायण गुरु | ii. कृषक नेता |
| c. एस.एन. हलदर | iii. जमशेदपुर मजदूर नेता |
| d. कुँवरजी मेहता | iv. दक्षिण भारतीय निम्न जाति नेता |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | i | iv | iii | ii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

58. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर चुनिये :

| **सूची-I** | **सूची- II** |
|---|---|
| a. बिहार प्रोविन्शियल किसान सभा | i. विजयसिंह पथिक |
| b. रैयतस् ऐसोसियेशन इन गुन्टूर | ii. सहजानन्द सरस्वती |
| c. प्रतापगढ़ एवं रायबरेली का किसान नेता | iii. एन.जी. रंगा |
| d. राजस्थान कृषक नेता | iv. बाबा रामचन्द्र |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | ii | iii |

59. गांधी के नेतृत्व वाले किस आन्दोलन को "स्वस्फूर्त क्रान्ति" कहा गया है ?

(A) चम्पारन आन्दोलन

(B) असहयोग आन्दोलन

(C) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(D) भारत छोड़ो आन्दोलन

60. ऑल इंडिया वुमैन कॉन्फेरेन्स की स्थापना के पीछे कौन सी उत्साहवर्धक नेता थी ?

(A) दुर्गा बाई देशमुख

(B) मार्गरेट कुसिन्स

(C) मेडम कामा

(D) मुत्थुलक्ष्मी रेड्डी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** Name the First Indian selected to Indian Civil Service.
(A) Surendranath Banerjee
(B) Anandamohan Bose
(C) Gurudas Banerjee
(D) Satyendra Nath Tagore

**62.** The Arya Samaj movement believed in
(A) Idolatory
(B) Polytheism
(C) Pantheism
(D) Vedic ritualism

**63.** Which foreign journalist reported about the British brutality perpetrated against peaceful Satyagrahis at Dharasana Salt Depot during the Civil Disobedience Movement ?
(A) Wels Miller
(B) C.F. Andrews
(C) Palmer
(D) Fischer

**64.** Who was the first President of All India Depressed Class Association ?
(A) B.R. Ambedkar
(B) Shahu Maharaj
(C) E.V. Ramaswamy Naicker
(D) M.C. Rajah

**65.** The resignation by the Congress led ministries on 1st Nov. 1939 was celebrated by the Muslim League as
(A) Fulfilment Day
(B) Emancipation Day
(C) Deliverance Day
(D) Freedom Day

**66.** The First President of the All India Congress Socialist Party was
(A) Achyut Patwardhan
(B) Ram Manohar Lohia
(C) Jay Prakash Narayan
(D) Sampurnanand

**67.** Which Commission was entrusted the task of demarcating the line of India and Pakistan in 1947 ?
(A) Wavell (B) Redcliffe
(C) Alexander (D) Marshall

**68.** The First Indian Princely State which signed the Instrument of Accession to join the Indian Union was
(A) Jaipur (B) Patiala
(C) Bikaner (D) Bhopal

**69.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Christian Historiography | i. | The exposition of the Idea of Progress |
| b. | Enlightenment Historiography | ii. | Attractive and Colourful Reconstruction of the Past |
| c. | Romantic Historiography | iii. | Derivation of Historical Knowledge by applying Scientific Method of Inquiry |
| d. | Positivist Historiography | iv. | Theorization of the Idea of Providentialism |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**70.** Who among the following historians is well known for his contributions to subaltern studies ?
(A) Sumit Sarkar
(B) Bipin Chandra
(C) Ranjit Guha
(D) K.N. Panicker

**61.** भारतीय सिविल सेवा के लिए चुने गए प्रथम भारतीय का नाम बताइए :

(A) सुरेंद्रनाथ बनर्जी (B) आनन्दमोहन बोस
(C) गुरुदास बनर्जी (D) सत्येंद्रनाथ टैगोर

**62.** आर्य समाज आंदोलन विश्वास करता था

(A) मूर्तिपूजा (B) बहुदेववाद
(C) सर्वेश्वरवाद (D) वैदिक कर्मकांड

**63.** सिविल अवज्ञा आंदोलन के दौरान धरसाना नमक डिपो में शांतिपूर्ण सत्याग्रह के खिलाफ अंग्रेजों की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के बारे में निम्नलिखित में से किस विदेशी पत्रकार ने रिपोर्ट लिखी थी ?

(A) वेल्स मिल्लर (B) सी एफ. एंड्रूज
(C) पाल्मर (D) फिशर

**64.** ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लास एसोसिएशन के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) बी.आर. अंबेडकर
(B) शाहू महाराज
(C) ई.वी. रामस्वामी नाइकर
(D) एम.सी. राजा

**65.** 1 नवंबर, 1939 को कांग्रेस नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल के त्याग-पत्र को मुस्लिम लीग ने किस रूप में मनाया था ?

(A) फुलफिलमेंट डे (B) इमेंसिपेशन डे
(C) डिलिवरेंस डे (D) फ्रिडम डे

**66.** ऑल इंडिया कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के प्रथम अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन से थे ?

(A) अच्युत पटवर्धन
(B) राम मनोहर लोहिया
(C) जय प्रकाश नारायण
(D) संपूर्णानन्द

**67.** 1947 में भारत और पाकिस्तान को विभाजित करने वाली रेखा को चिह्नित करने का दायित्व किस कमीशन को सौंपा गया था ?

(A) वेवल (B) रेडक्लिफ
(C) एलेक्जेंडर (D) मार्शल

**68.** प्रथम भारतीय रियासती राज्य, जिसने भारत संघ में विलय के लिए इंस्ट्रुमेंट ऑफ एक्सेशन पर हस्ताक्षर किए थे :

(A) जयपुर (B) पटियाला
(C) बीकानेर (D) भोपाल

**69.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-** II |
|---|---|
| a. ईसाई इतिहास-लेखन | i. प्रगतिशील विचारों का प्रकटन |
| b. अंग्रेजी प्रबुद्धवाद इतिहास-लेखन | ii. बीते समय का आकर्षक और रंगीन पुनर्निर्माण |
| c. रोमांटिक इतिहास-लेखन | iii. जाँच की वैज्ञानिक विधि का प्रयोग करते हुए ऐतिहासिक ज्ञान उद्भव |
| d. सकारात्मक इतिहास-लेखन | iv. दैवी विचार का सैद्धांतिकीकरण |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**70.** निम्नलिखित में से कौन सा इतिहासकार सवल्टर्न अध्ययनों में अपने योगदान के लिए सुप्रसिद्ध है ?

(A) सुमित सरकार (B) बिपन चन्द्र
(C) रनजीत गुहा (D) के.एन. पणिकर

Prepp
Your Personal Exams Guide

Read the following passage and answer the following five questions (Nos. **71** to **75**) :

The most vicious system of racial oppression was set up in South Africa. The system of racial segregation, called apartheid, was enforced in the country by the Government of the White minority led by Daniel Malan, who came to power in 1948, and by the successive Governments. The non-Whites, over 80 per cent of the population, were denied the right to vote, strikes were banned, Africans were deported from some specified areas, education was segregated, mixed marriages were declared illegal (and immoral) and all dissent was banned under what was called the Suppression of Communism Act. Some of the greatest works of world literature, and not just political writings, were banned under the Suppression of Communism Act. Strict restrictions were imposed on the movement of Africans and they were required to carry a pass permitting them to do so. South Africa left the Commonwealth when the policy of apartheid came under attack at the conference of the Prime Ministers of Commonwealth countries.

**71.** Anti apartheid movement in South Africa was led by

(A) African Peoples Party

(B) African National Congress

(C) Peoples Unity Front

(D) National Congress of Africa

**72.** "The Freedom Charter" was adopted by the Congress of the People in the year

(A) 1948

(B) 1954

(C) 1955

(D) 1990

**73.** What was <u>not</u> the aim of the 'Suppression of Communism Act" passed by the Racist regime of South Africa ?

(A) To curb all dissent.

(B) To placate the capitalist countries to support apartheid regime of South Africa.

(C) To segregate the 'Black' and the 'White' population.

(D) To put social restrictions on the 'Black' population.

**74.** First ever democratic elections in South Africa were won by Nelson Mandela in the year

(A) 1989

(B) 1991

(C) 1994

(D) 1996

**75.** The Government headed by Nelson Mandela was known as

(A) Government of the African People

(B) Government of National Unity

(C) Government of the Black People

(D) Government of Free People

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और निम्नलिखित पाँच प्रश्नों (प्रश्न नं. **71** से **75**) का उत्तर दीजिए :

जातीय दमन की सबसे दूषित प्रणाली दक्षिण अफ्रीका में स्थापित की गई थी, जातीय पृथक्कन की प्रणाली को रंग-भेद कहा जाता है, जो इस देश में डेनियल मालन के नेतृत्ववाली श्वेत अल्पमत सरकार द्वारा लागू की गई, जो वर्ष 1948 में सत्ता में आई थी और बाद की सरकारों ने भी इसे लागू किया । कुल जनसंख्या के 80 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अश्वेतों को मतदान के अधिकार से वंचित रखा गया, उनकी हड़ताल पर रोक लगाई गई, कुछ विशिष्ट क्षेत्रों से अफ्रीकियों को निर्वासित किया गया, शिक्षा का पृथक्करण किया गया, मिश्रित विवाहों को गैरकानूनी (और अनैतिक) घोषित किया गया और समस्त असहमतियों पर साम्यवाद दमन अधिनियम (सप्रेशन ऑफ कम्युनिज्म एक्ट) नामक अधिनियम के अधीन रोक लगा दी गई । विश्व साहित्य की कुछ महान कृतियों, जिनमें केवल राजनीतिक लेख ही नहीं थे, पर साम्यवाद दमन अधिनियम (सप्रेशन ऑफ कम्युनिज्म एक्ट) के अधीन रोक लगा दी गई । अफ्रीकियों के आने-जाने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया गया और उन्हें आने-जाने के लिए अपने साथ पास ले जाना होता था । राष्ट्रमंडल देशों के प्रधान मंत्रियों के सम्मेलन में रंग-भेद की नीति पर आक्षेप लगाए जाने पर दक्षिण अफ्रीका ने राष्ट्रमंडल छोड़ दिया था ।

**71.** दक्षिण अफ्रीका में रंग-भेद विरोधी आंदोलन का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया था ?

(A) अफ्रीकन पिपुल्स पार्टी

(B) अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस

(C) पिपुल्स यूनिटी फ्रंट

(D) नेशनल कांग्रेस ऑफ अफ्रीका

**72.** कांग्रेस ऑफ द पिपुल्स द्वारा "द फ्रिडम चार्टर", निम्नलिखित में से किस वर्ष अंगीकृत किया गया था ?

(A) 1948 (B) 1954

(C) 1955 (D) 1990

**73.** दक्षिण अफ्रीका के नस्लवादी राज द्वारा पारित 'सप्रेशन ऑफ कम्युनिज्म एक्ट' का उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या नहीं था ?

(A) समस्त असहमतियों पर रोक लगाना ।

(B) दक्षिण अफ्रीका की रंग-भेद वाले राज का समर्थन करने के लिए पूँजीवादी देशों को तुष्ट करना ।

(C) 'काली' और 'गोरी' आबादी को अलग-अलग करना ।

(D) 'काली' आबादी पर सामाजिक प्रतिबंध लगाना ।

**74.** दक्षिण अफ्रीका में पहली बार लोकतांत्रिक चुनाव निम्नलिखित में से किस वर्ष नेलसन मंडेला ने जीता था ?

(A) 1989 (B) 1991

(C) 1994 (D) 1996

**75.** नेलसन मंडेला के नेतृत्व वाली सरकार को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

(A) गवर्नमेंट ऑफ द अफ्रीकन पिपुल

(B) गवर्नमेंट ऑफ नेशनल यूनिटी

(C) गवर्नमेंट ऑफ द ब्लैक पिपुल

(D) गवर्नमेंट ऑफ फ्री पिपुल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide